अब मैं अन्तिम पैरा से पढ़े दे रहा हूं ।

"माननीय सदस्यगण, इन शब्दों के साथ मैं आपका आह्वान करता हूं कि आप अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में अग्रसर हों और इस प्रदेश की गौरवशाली परम्परा के संरक्षण और अभिवर्धन में अपना विशिष्ट योगदान करें ।"

(श्री राज्यपाल के अभिभाषण के लिए देखिए नत्थी 'क' आगे पृष्ठ 30-34 पर।)

उत्तर प्रदेश केसारी (प्रतिषेध) अध्यादेश, 1982†

जन स्वास्थ्य राज्य मंत्री (श्री हरि सिंह)–

मान्यवर, मैं आप की आज्ञा से उत्तर प्रदेश केसारी (प्रतिषेध) अध्यादेश, 1982 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) (द्वितीय) अध्यादेश, 1982†

शिक्षा मंत्री (श्रीमती स्वरूप कुमारी बख्शी)–

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) (द्वितीय) अध्यादेश, 1982 को सदन के पटल पर रखती हूं ।

उत्तर प्रदेश नगर महापालिका (संशोधन) (द्वितीय) अध्यादेश, 1982†

आवास एवं नगर विकास मंत्री (श्री राम सिंह खन्ना)–

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश नगर महापालिका (संशोधन) (द्वितीय) अध्यादेश, 1982 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (संशोधन) (तृतीय) अध्यादेश, 1982†

पंचायती राज मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव)–

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (संशोधन) (तृतीय) अध्यादेश, 1982 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश डकैती प्रभावित क्षेत्र (तृतीय) अध्यादेश, 1982†

हरिजन एवं समाज कल्याण राज्यमंत्री (श्री गुलाब सेहरा)–

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश डकैती प्रभावित क्षेत्र (तृतीय) अध्यादेश, 1982 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

किंग जार्ज मेडिकल कालेज और गांधी मेमोरियल एण्ड एसोशिएटेड हास्पिटल (ग्रहण करना) (तृतीय) अध्यादेश, 1982†

जन स्वास्थ्य राज्यमंत्री (श्री हरि सिंह)–

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से किंग जार्ज मेडिकल कालेज और गांधी मेमोरियल एण्ड एसोशिएटेड हास्पिटल (ग्रहण करना) (तृतीय) अध्यादेश, 1982 को सदन के पटल पर रखता हूं।

---

†छापा नहीं गया।

उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्राम उद्योग बोर्ड (संशोधन) (द्वितीय) अध्यादेश, 1982†

उद्योग एवं सिंचाई मंत्री (श्री वीर बहादुर सिंह)–

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्राम उद्योग बोर्ड (संशोधन) (द्वितीय) अध्यादेश, 1982 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (संशोधन) (तृतीय) अध्यादेश, 1982†

कृषि राज्य मन्त्री (श्री राम रतन सिंह)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (संशोधन) (तृतीय) अध्यादेश, 1982 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश राज भाषा (संशोधन) (द्वितीय) अध्यादेश, 1982†

श्री राजेन्द्र कुमार गुप्त–

मान्यवर, इसके सम्बन्ध में मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है ।

श्री अध्यक्ष–

पहले इसे रख तो लेने दीजिये ।

संसदीय कार्य मन्त्री (श्री अम्मार रिजवी)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश राज भाषा (संशोधन) (द्वितीय) अध्यादेश, 1982 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश राज भाषा (संशोधन) (द्वितीय) अध्यादेश, 1982 को सदन के पटल पर रखे जाने पर आपत्ति

[समय 1 बजकर 25 मिनट]

*श्री राजेन्द्र कुमार गुप्त–

मान्यवर, यह जो आज सदन में राज भाषा संशोधन (द्वितीय) अध्यादेश, 1982 रखा है यह राज्य विधान मण्डल की वैधानिक शक्ति के बाहर है। आज प्रदेश समस्याओं से घिरा हुआ है, जैसे भुखमरी आदि की जो समस्यायें हैं, उनसे जनता का ध्यान हटाने के लिये यह अध्यादेश निर्गत किया गया है। इस सम्बन्ध में मैं तर्क प्रस्तुत करना चाहूंगा। जनता का ध्यान बटाने के लिये अध्यादेश के अनुच्छेद में 5 बातें दी गयी हैं, मैं इस समय उसमें विस्तार में नहीं जाना चाहूंगा।

श्री अध्यक्ष–

आपको क्या एतराज है, वह कहें।

श्री राजेन्द्र कुमार गुप्त–

मान्यवर, मैं निवेदन करना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश भाषायी अल्पसंख्यकों का संरक्षण-76 में यह पुस्तक जारी की गयी। आज यह जो अध्यादेश जारी किया गया है, यह जनता को गुमराह करने के लिए किया गया है। आप संविधान को देखने की कृपा करें। इसके अनुच्छेद 345 में व्यवस्था की गयी है – राज्य की राजभाषा या राज भाषायें —"अनुच्छेद 346 और 347 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, राज्य का विधान मण्डल, विधि द्वारा, उस राज्य के राजकीय प्रयोजनों में से सब या किसी के लिये प्रयोग के अर्थ उस राज्य में प्रयुक्त होने वाली भाषाओं में से किसी एक या अनेक को या हिन्दी को अंगीकार कर सकेगा।" तो हिन्दी को यहां अपनाया गया है। अब इसके बाद अनुच्छेद 347 को देखने की कृपा करें। "तद्विषयक मांग की जाने पर यदि राष्ट्रपति का समाधान हो जाये कि किसी राज्य के जनसमुदाय का पर्याप्त अनुपात चाहता है कि उसके द्वारा बोली जाने वाली किसी भाषा को राज्य द्वारा मान्यता दी जाये तो

---

†छापा नहीं गया।

*वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

वह निर्देश दे सकेगा कि ऐसी भाषा को उस राज्य में सर्वत्र अथवा उसके किसी भाग में ऐसे प्रयोजन के लिये जैसा कि वह उल्लिखित करे राजकीय मान्यता दी जाये।'' तो यह भी हमारे यहां 1960 में पूरा हो चुका है। आज जो यह व्यवस्था की जा रही है, उसमें हमें पीछे ढकेला जा रहा है। इस लिए यह जो व्यवस्था की जा रही है, यह अनावश्यक है और संविधान की भावना के अनुकूल नहीं है और विवाद पैदा करने के लिये यह व्यवस्था की जा रही है।

जहां तक उर्दू के विकास का प्रश्न है, मैं और मेरा दल उसके विकास में पूरी तरह से कटिबद्ध है उसके लिए सुविधायें मिलनी चाहिए लेकिन विवाद पैदा करने के लिये यह जो किया जा रहा है, यह उचित नहीं है और जनता का ध्यान मूल समस्याओं से हटाने के लिए इस प्रकार का अध्यादेश जारी किया गया है।

श्री अध्यक्ष–

(श्री रियासत हुसैन के खड़े होने पर) इसमें बहस करने की बात नहीं है। अपना एतराज बतायें।

*श्री रियासत हुसैन–

माननीय राजेन्द्र कुमार गुप्त जी ने जो संवैधानिक आपत्ति उठाई है, उसका मैं पूर्णतया विरोध करता हूं। अध्यादेश जारी करने का अधिकार सरकार को संविधान में दिया गया है और उसके बाद वह उसे सदन की टेबुल में रखेगी। परन्तु मेरी जो आपत्ति है, वह मैं बताना चाहता हूं। सरकार ने यह अध्यादेश जारी करके एक खिलवाड़ किया है। अगर उनकी नियत है, तो उसको जल्दी से, उसका अन्तिम रूप देना चाहिए था। लेकिन तमाम प्रदेश के अन्दर इसको लेकर विवाद पिछले मर्तवा खड़ा हो गया। कुछ जगहों के ऊपर ला एण्ड आर्डर के मामले भी खड़े हो गये। ये अध्यादेश यहां से जाते हैं, कौंसिल से वापस आ जाते हैं। इसमें कुछ अध्यादेश ऐसे भी हैं जो विवादस्वरूप तो नहीं हैं लेकिन जो राज भाषा वाला है, इसको लेकर खिलवाड़ बना दिया। इसकी परेशानी और नुकसान सबको उठाना पड़ा है। तो उसका पछतावा आखिर सरकार को कब होगा? मैं इस राज भाषा के बारे में चाहता हूं कि सरकार इसमें खिलवाड़ न करे। जहां तक अध्यादेश लाने का सवाल है, वह लाया जा सकता है, लेकिन जैसा पिछली मर्तवा अध्यादेश लाकर तमाम नफरत पैदा हो गयी, ऐसा न करें।

संसदीय कार्य मंत्री (श्री अम्मार रिजवी)–

मान्यवर, इसको उस समय उठाना चाहिए था, जिस समय यह पेश होता। मान्यवर, पहली तो बात उन्होंने राष्ट्रपति की कान्सेन्ट के बारे में कही है, 347 संविधान का जिसका हवाला दिया है—

''आन ए डिमांड बिइंग मेड इन दैट बीहाफ दि प्रेसीडेन्ट मे, इफ ही इज सैटिस-फाइड.....''

मान्यवर, जो हमारा आर्डिनेन्स यहां पर आया, उसके ऊपर राष्ट्रपति की दस्तखत होती है, तो राष्ट्रपति की कान्सेन्ट से ही आर्डिनेन्स हुए। दूसरी बात मान्यवर, भ्रमात्मक कही गयी है, जो राज भाषा है, जिसकी तरक्की के लिये अभी 10 करोड़ रुपया भी मंजूर कर दिया है...

(व्यवधान)

श्री राजेन्द्र कुमार गुप्त–

मान्यवर, 10 करोड़ को 4 परसेंट पर बिजली बोर्ड को दिया है।

(व्यवधान)

---

*वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

श्री मोहन सिंह–

वह तो आपने 4 परसेंट ब्याज पर बिजली बोर्ड को दे दिया है।

(व्यवधान)

श्री अम्मार रिजवी–

मान्यवर, इस पर पूरी चर्चा तो उस समय होनी चाहिए थी, जिस समय यह बिल पेश हो जायगा।

श्री अध्यक्ष–

मैंने गुप्ता जी की बात को पूरी तरीके से सुना। इसमें जहां तक संविधान की धारा का सवाल है, इस समय इस पर कोई चर्चा नहीं हो सकती है। आप संविधान की धारा 213 को देखें — राज्यपाल की विधायिनी शक्ति।

"213(1)–उस समय को छोड़कर जबकि राज्य की विधान सभा तथा विधान परिषद् वाले राज्य में विधान मण्डल के दोनों सदन, सत्र में हैं, यदि किसी समय राज्यपाल को समाधान हो जाय कि तुरन्त कार्यवाही करने के लिए उसे बाधित करने वाली परिस्थितियां वर्तमान हैं, तो वह ऐसे अध्यादेशों का प्रख्यापन कर सकेगा, जो उसे परिस्थितियों से अपेक्षित हों।"

फिलहाल यह केवल सदन के पटल पर रखा हुआ है, इसको इस समय चैलेंज नहीं किया जा सकता है और जब आगे चर्चा होगी, तब आप कह सकते हैं, कि इसको न पास करायें। मैं आपकी बातों में कोई तथ्य नहीं पाता हूं, और आपत्ति को अस्वीकार करता हूं।

उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (संशोधन) अध्यादेश, 1982†

नगर विकास एवं आवास मंत्री (श्री राम सिंह खन्ना)–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विकीकर (संशोधन और वैधीकरण) अध्यादेश, 1982 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश विक्रीकर (संशोधन और वैधीकरण) अध्यादेश, 1982†

संसदीय कार्य मंत्री (श्री अम्मार रिजवी)–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विक्रीकर (संशोधन और वैधीकरण) अध्यादेश, 1982 को सदन के पटल पर रखता हूं।

संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान (संस्थान) अध्यादेश, 1982†

जन स्वास्थ्य राज्य मंत्री (श्री हरि सिंह)–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान (संस्थान) अध्यादेश, 1982 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश विक्री-कर (द्वितीय संशोधन और वैधीकरण) अध्यादेश, 1982†

संसदीय कार्य मंत्री (श्री अम्मार रिजवी)–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विक्रीकर (द्वितीय संशोधन और वैधीकरण) अध्यादेश, 1982 को सदन के पटल पर रखता हूं।

---

†छापा नहीं गया

उत्तर प्रदेश नागर स्वायत्त शासन विधि (तृतीय संशोधन) अध्यादेश, 1982†

नगर विकास एवं आवास मंत्री (श्री राम सिंह खन्ना)–

श्रीमन्, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश नागर स्वायत्त शासन विधि (तृतीय) (संशोधन) अध्यादेश, 1982 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश नागर स्वायत्त शासन विधि (चतुर्थ संशोधन) अध्यादेश, 1982†

नगर विकास एवं आवास मंत्री (श्री राम सिंह खन्ना)–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश नागर स्वायत्त शासन विधि (चतुर्थ संशोधन) अध्यादेश, 1982 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 1983†

शिक्षा मंत्री (श्रीमती स्वरूप कुमारी बख्शी)–

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 1983 को सदन के पटल पर रखती हूं।

उत्तर प्रदेश श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर अध्यादेश, 1983†

हरिजन एवं समाज कल्याण राज्य मंत्री (श्री गुलाब सेहरा)–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश श्री काशी विश्वनाथ मंदिर अध्यादेश, 1983 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश सिनेमाटोग्राफ (अट्ठारहवां संशोधन) नियमावली, 1982††

संसदीय कार्य मंत्री (श्री अम्मार रिजवी)–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से वित्त (मनोरंजन-कर) अनुभाग की अधिसूचना संख्या बीस आर0(2)/78-यू0पी0ए0-3-1-1956–रूल-1951 ए0एम0(18)-79, दिनांक 21 जून, 1982 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश सिनेमाटोग्राफ (अट्ठारहवां संशोधन) नियमावली, 1982 को उत्तर प्रदेश चल चित्र (विनियमन) अधिनियम, 1955 की धारा 13 की उपधारा (3) के अनुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश के वर्ष 1970-71 का वार्षिक प्रतिवेदन†

संसदीय कार्य मंत्री (श्री अम्मार रिजवी)–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश के वर्ष 1970-71 के वार्षिक प्रतिवेदन को ज्ञापन सहित भारत का संविधान के अनुच्छेद 323(2) के अनुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश निर्यात निगम लि0 का तेरहवां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा वर्ष 1978-79†

उद्योग एवं सिंचाई मंत्री (श्री वीर बहादुर सिंह)–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश निर्यात निगम लि0 का तेरहवां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा वर्ष 1978-79 को कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-ए की उपधारा (3) के अनुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश पंचायती राज वित्त एवं विकास निगम लि0 का वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे 1978-79 एवं 1979-80†††

पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव)–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश पंचायती राज वित्त एवं विकास निगम लि0 का वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा 1978-79 एवं 1979-80 को कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-ए की उपधारा (3) के अनुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

---

†छापा नहीं गया।

††छापी नहीं गयी।

†††छापे नहीं गये।

वित्त (बिक्री-कर) अनुभाग-2 की विज्ञप्ति का शुद्धि-पत्र।

संसदीय कार्यमंत्री (श्री अम्मार रिजवी)–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से वित्त (बिक्री-कर) अनुभाग-2 की विज्ञप्ति सं0 एस0टी0 दो 4581/दस–5 (2)/79, उ0 प्र0 अधि0 15–48-नियम/1948-संशोधन (द्वितीय) 1981, दिनांक 1 अक्टूबर, 1981 से संबंधित शुद्धि पत्र सं0 एस0टी0–2–8419/दस–5 (2)-79, दिनांक 16 जनवरी, 1982 जो दिनांक 22 मार्च, 1982 को सदन के पटल पर रखी गयी थी तथा जिसके सदन के पटल पर रखे रहने की निर्दिष्ट कालावधि सभा के सत्रावसान के कारण पूरी नहीं हो सकी थी और जो दिनांक 20 अगस्त, 1982 को सदन के पटल पर पुनः रखी गयी थी और जिसके सदन के पटल पर रखे रहने की निर्दिष्ट कालावधि सभा का सत्रावसान हो जाने के कारण पुनः पूरी नहीं हो सकी है, को उत्तर प्रदेश बिक्रीकर एक्ट, 1948 की धारा 24 की उपधारा (5) के अनुसार पुनः सदन के पटल पर रखता हूं।

मेरठ मंडल विकास निगम लिमिटेड, मेरठ का वार्षिक प्रतिवेदन, 1980-81†

पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव)–

श्रीमन्, मैं आपकी आज्ञा से मेरठ मंडल विकास निगम लिमिटेड मेरठ के वार्षिक प्रतिवेदन 1980-81 को कम्पनीज एक्ट, 1956 की 619–ए की उपधारा (3) के अनुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

दि प्रदेशीय इंडस्ट्रियल एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कारपोरेशन आफ यू0 पी0 लिमिटेड की आठवीं वार्षिक रिपोर्ट, 1979-80††

उद्योग एवं सिंचाई मंत्री (श्री वीर बहादुर सिंह)–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से दि प्रदेशीय इण्डस्ट्रियल एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कारपोरेशन आफ यू0 पी0 लिमिटेड की आठवीं वार्षिक रिपोर्ट, 1979-80 को कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619–ए की उपधारा (3) के अनुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

कराधान जांच समिति का प्रतिवेदन, 1980†

संसदीय कार्य मंत्री (श्री अम्मार रिजवी)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से कराधान जांच समिति का प्रतिवेदन, 1980 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश स्टेट शुगर कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ का वार्षिक प्रतिवेदन तथा लेखे 1980††

गन्ना विकास राज्य मंत्री (कुंवर शिवनाथ सिंह कुशवाहा)–

मान्यवर, मैं उत्तर प्रदेश स्टेट शुगर कारपोरेशन लि0, लखनऊ का वार्षिक प्रतिवेदन तथा लेखे 1980 को कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-ए की उपधारा (3) के अनुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश सिनेमाटोग्राफ (उन्नीसवां संशोधन) नियमावली, 1982††

संसदीय कार्य मंत्री (श्री अम्मार रिजवी)–

मान्यवर, मैं वित्त (मनोरंजन कर) अनुभाग की अधिसूचना सं0 20 एम0 (31)–82–वित्त (म0क0) अनु0-यू0पी0ए0-3- 1956-रूल-1951-ए0एम0 (19)-1982, दिनांक 13 सितम्बर, 1982 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश सिनेमाटोग्राफ (उन्नीसवां संशोधन) नियमावली, 1982 को उत्तर प्रदेश चलचित्र (विनियमन) अधिनियम, 1955 की धारा 13 की उपधारा (3) के अनुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

---

†छापा नहीं गया।

††छापी नहीं गयी।

†††छापे नहीं गये।

गोरखपुर मंडल विकास निगम लिमिटेड की तृतीय वार्षिक रिपोर्ट एवं लेखा विवरण वर्ष 1978-79†

पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव)—

मान्यवर, मैं गोरखपुर मंडल विकास निगम लिमिटेड की तृतीय वार्षिक रिपोर्ट एवं लेखा विवरण वर्ष 1978-79 को कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-ए की उपधारा (3) के अनुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद् का वार्षिक लेखा विवरण पत्र, 1977-78†

संसदीय कार्य मंत्री (श्री अम्मार रिजवी)—

मान्यवर, मैं उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद् का वार्षिक लेखा विवरण पत्र 1977-78 को इलेक्ट्रीसिटी (सप्लाई) एक्ट, 1948 की धारा 69 की उप-धारा (5) के अनुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद् का वार्षिक लेखा विवरण-पत्र, 1978-79†

संसदीय कार्य मंत्री (श्री अम्मार रिजवी)—

मान्यवर, मैं उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद् का वार्षिक लेखा विवरण पत्र 1978-79 को इलेक्ट्रीसिटी (सप्लाई) एक्ट, 1948 की धारा 69 की उप-धारा (5) के अनुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

यू0 पी0 स्टेट हैण्डलूम कारपोरेशन लिमिटेड का पंचम वार्षिक प्रतिवेदन, 1977-78†

उद्योग राज्य मंत्री (श्री मोहम्मद अमीन)—

मान्यवर, मैं यू0 पी0 स्टेट हैण्डलूम कारपोरेशन लिमिटेड का पंचम वार्षिक प्रतिवेदन 1977-78 को कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-ए की उपधारा (3) के अनुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश की कार्य प्रणाली का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1972-73†

संसदीय कार्य मंत्री (श्री अम्मार रिजवी)—

मान्यवर, मैं लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश की कार्य प्रणाली का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1972-73 को ज्ञापन सहित भारत का संविधान के अनुच्छेद 323 (2) के अनुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद् का वार्षिक वित्तीय विवरण पत्र (प्रथम भाग एवं द्वितीय भाग) वर्ष 1982-83†

संसदीय कार्य मंत्री (श्री अम्मार रिजवी)—

मान्यवर, मैं उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद् का वार्षिक वित्तीय विवरण-पत्र (प्रथम भाग एवं द्वितीय भाग) वर्ष 1982-83 को इलेक्ट्रीसिटी (सप्लाई) एक्ट, 1948 की धारा 61 की उप-धारा (3) के अनुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1973-74†

संसदीय कार्य मंत्री (श्री अम्मार रिजवी)—

मान्यवर, मैं लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1973-74 को ज्ञापन सहित भारत का संविधान के अनुच्छेद 323 (2) के अनुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

†छापा नहीं गया।

उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (सदस्यों की उपलब्धियां और पेंशन) (प्रथम संशोधन) नियमावली, 1982††

संसदीय कार्य मंत्री (श्री अम्मार रिजवी)–

मान्यवर, मैं संसदीय अनुभाग–1 की अधिसूचना सं0 3775 सं0–17–1–82–170 सं0–80, दिनांक 1 सितम्बर, 1982 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (सदस्यों की उपलब्धियां और पेंशन) (प्रथम संशोधन) नियमावली, 1982 को उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 की धारा 23–क की उपधारा (1) के अनुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश भूमि विधि (संशोधन) विधेयक, 1981

सचिव, विधान सभा–

मान्यवर, मैं आप की आज्ञा से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम 160 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश भूमि विधि (संशोधन) विधेयक, 1981 में किये गये आनुसंगिक संशोधनों तथा सदन की सहमति से किये गये शाब्दिक और आनुषंगिक सुधार का विवरण सदन के पटल पर रखता हूं।

(देखिए नत्थी 'ख' आगे पृष्ठ 35 पर।)

भारतीय स्टाम्प (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 1982

सचिव, विधान सभा–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि भारतीय स्टाम्प (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 1982 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपनी दिनांक 11 फरवरी, 1982 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 17 मार्च, 1982 को वापस प्राप्त हुआ था, राष्ट्रपति महोदय की अनुमति दिनांक 20 अप्रैल, 1982 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1982 का उत्तर प्रदेश का उन्नीसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश भूमि विधि (संशोधन) विधेयक, 1981

सचिव, विधान सभा–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश भूमि विधि (संशोधन) विधेयक, 1981 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 24 फरवरी, 1981 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 27 फरवरी, 1982 की बैठक में पारित किया था, राष्ट्रपति महोदय की अनुमति दिनांक 11 मई, 1982 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1982 का उत्तर प्रदेश का बीसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश विनियोग (1982-83 का अनुपूरक) विधेयक, 1982

सचिव, विधान सभा–

अध्यक्ष, महोदय, मैं आपकी आज्ञा से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश विनियोग (1982-83 का अनुपूरक) विधेयक, 1982 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 24 अगस्त, 1982 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 27 अगस्त, 1982 को वापस प्राप्त हुआ था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 29 अगस्त, 1982 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1892 का उत्तर प्रदेश का इक्कीसवां अधिनिमय बन गया।

---

††छापी नहीं गयी।

उत्तर प्रदेश विनियोग (1977-78 और 1978-79 के बढ़ती व्यय का विनियमन) विधेयक, 1982

सचिव, विधान सभा—

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश विनियोग (1977-78 और 1978-79 के बढ़ती व्यय का विनियमन) विधेयक 1982, पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 24 अगस्त, 1982 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 27 अगस्त, 1982 को वापस प्राप्त हुआ था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 29 अगस्त, 1982 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1982 का उत्तर प्रदेश का बाइसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश आकस्मिकता निधि (संशोधन) विधेयक, 1982

सचिव, विधान सभा—

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश आकस्मिकता निधि (संशोधन) विधेयक, 1982 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 25 अगस्त, 1982 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 1 सितम्बर, 1982 को वापस प्राप्त हुआ था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 9 सितम्बर, 1982 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1982 का उत्तर प्रदेश का तेइसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश राष्ट्र विरोधी तत्व निवारण (निरसन) विधेयक, 1982

सचिव, विधान सभा—

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश राष्ट्र विरोधी-तत्व निवारण (निरसन) विधेयक, 1982 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 23 अगस्त, 1982 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 27 अगस्त, 1982 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 9 सितम्बर, 1982 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1982 का उत्तर प्रदेश का चौबीसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 1982

सचिव, विधान सभा—

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्व-विद्यालय (संशोधन) विधेयक, 1982, पर जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 5 अप्रैल, 1982 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 23 अगस्त, 1982 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 9 सितम्बर, 1982 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1982 का उत्तर प्रदेश का पच्चीसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश अप्राधिकृत चिकित्सा शिक्षण संस्था (निवारण) (संशोधन) विधेयक, 1982

सचिव, विधान सभा—

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश अप्राधिकृत चिकित्सा शिक्षण संस्था (निवारण) (संशोधन) विधेयक, 1982 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 23 अगस्त, 1982 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 27 अगस्त, 1982 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 15 सितम्बर, 1982 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1982 का उत्तर प्रदेश का छब्बीसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी समिति (अल्पकालिक व्यवस्था) (संशोधन) विधेयक, 1982

सचिव, विधान सभा–

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मंडी समिति (अल्पकालिक व्यवस्था) (संशोधन) विधेयक, 1982 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 19 मार्च, 1982 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 23 अगस्त, 1982 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 15 सितम्बर, 1982 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1982 का उत्तर प्रदेश का सत्ताइसवां अधिनियम बन गया।

अफीम (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 1982

सचिव, विधान सभा–

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से घोषणा करता हूं कि अफीम (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 1982 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 23 अगस्त, 1982 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 27 अगस्त, 1982 की बैठक में पारित किया था, उप राष्ट्रपति महोदय की अनुमति दिनांक 22 अक्तूबर, 1982 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1982 का उत्तर प्रदेश का अट्ठाइसवां अधिनियम बन गया।

सदस्यों की गिरफ्तारी तथा रिहाई आदि की सूचनाएं

श्री अध्यक्ष–

आदरणीय सदन को मैं सूचना देना चाहता हूं कि निम्नलिखित मा0 सदस्यों की गिरफ्तारी कारावासित किये जाने एवं रिहाई की सूचना सम्बन्धित अधिकारियों से प्राप्त हुई है:–

1–श्री अकबर अहमद (नैनीताल)
2–श्री वीरेन्द्र प्रताप शाही (गोरखपुर)
3–श्री मित्रसेन (फैजाबाद)
4–श्री यदुनाथ सिंह (मिर्जापुर)
5–श्री गोरेलाल शाक्य (इटावा)
6–श्री पंचानन राय (आजमगढ़)
7–श्री सुरेश दत्त पालीवाल (जालौन)।

उपर्युक्त मा0 सदस्यों की गिरफ्तारी/कारावासित एवं रिहाई की सूचना इस सचिवालय के बुलेटिन संख्या 53 से 63 द्वारा प्रसारित की जा चुकी है।

उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता विधेयक, 1980 पर नियुक्त प्रवर समिति का प्रतिवेदन†

राजस्व मंत्री (श्री बैजनाथ कुरील)–

मैं उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता विधेयक, 1980 पर नियुक्त प्रवर समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं।

यह विधेयक उत्तर प्रदेश विधान सभा में 4 सितम्बर, 1980 को पुरः स्थापित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम 126 के अनुसार 4 सितम्बर, 1980 के असाधारण गजट, उत्तर प्रदेश में प्रकाशित किया गया था। राजस्व मंत्री द्वारा 17 सितम्बर, 1980 को किये गये प्रस्ताव के अनुसार यह विधेयक विधान सभा की प्रवर समिति को निर्दिष्ट किया गया। उसी दिनांक को समिति में कार्य करने के लिये 18 सदस्य निर्वाचित हुए। समिति के गठन तथा उसमें समय-समय पर हुए परिवर्तन सम्बन्धी अधिसूचनाएं परिशिष्ट 'एक' पर द्रष्टव्य हैं।

---

†छापा नहीं गया।

प्रवर समिति निर्धारित समय के भीतर अपना प्रतिवेदन नहीं तैयार कर सकी और इस हेतु विगत सत्रों में यथासमय समिति के सभापति के प्रस्तावों पर माननीय सदन ने समिति का कार्यकाल बढ़ाये जाने के निदेश किये।

श्री रियासत हुसैन–

मान्यवर, यह तो प्रस्तुत होगा ही।

श्री अध्यक्ष–

पढ़ने की आवश्यकता नहीं है। माननीय मंत्री जी आप कुछ और बताना चाहते हैं, जो लिखा है इसके अलावा। यह बांटा जायेगा ही लोगों में, कृपा कर बैठें।

विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न की सूचनाएं

श्री अध्यक्ष–

विशेषाधिकार के बारे में मा0 राजेन्द्र कुमार गुप्त जी का पत्र प्राप्त हुआ है।

श्री माता प्रसाद पाण्डेय–

मैंने 19 मार्च, 1982 को एक विशेषाधिकार दिया था, वह आफिस में लम्बित है, शासन से रिपोर्ट नहीं मिली। मान्यवर, उसको तो ले लें, अभी नहीं आया। एक साल होने वाला है कोई निर्णय होना चाहिये। महत्वपूर्ण विशेषाधिकार है, इसलिए मेरा अनुरोध है कि ध्यान देकर जल्दी से जल्दी निर्णय करायें।

श्री अध्यक्ष–

जितनी विशेषाधिकार की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं उनके सम्बन्ध में शासन से जवाब आ जाने पर बाद में निर्णय लिया जायेगा खासतौर से आपकी सूचना पर।

(श्री राजेन्द्र कुमार गुप्त के खड़े होने पर)

राजेन्द्र कुमार गुप्त ने माननीय मुख्य मंत्री के विरुद्ध विशेषाधिकार की अवहेलना का प्रश्न उठाया था। इसमें अभी कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है।

*श्री राजेन्द्र कुमार गुप्त–

जो आप व्यवस्था दे रहे हैं, शिरोधार्य है। मैं केवल इतना कहना चाहता हूं कि विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 14 के अनुसार विधान सभा के तीन सत्र होने चाहिए और 90 दिन का उपवेशन होना चाहिए। सौभाग्य से जो इस कुर्सी पर बैठा करते थे, वही आज मुख्य मंत्री हैं उनके मुख से व्यवस्था दी गयी थी। सबसे पहले कहा गया था कि सदन द्वारा दी गयी किसी व्यवस्था का न केवल शब्दों में बल्कि भावना से आदर किया जाना चाहिए। यह व्यवस्था दी थी कि नियम 14 के अधीन सदन के उपवेशन होने चाहिए। मैंने केवल इतनी बात उठायी कि जो प्रक्रिया अपेक्षित है वह नहीं अपनाई गयी। न जाने कितने अध्यादेश अधिनियमित होने को बाकी हैं, न जाने कितने बिल पेश होने हैं परन्तु सदन नहीं बुलाया गया। विधान मंडल का कार्य केवल अधिनियम बनाना ही नहीं है। कौल और शकधर के अनुसार, मे के अनुसार जो अविलम्बनीय महत्व की चीजें हैं उनकी ओर हम सरकार का ध्यान मा0 सदन द्वारा आकृष्ट करते हैं। प्रदेश की समस्या को उजागर करके शासन का ध्यान आकृष्ट करता है और शासन पर दबाव डालता है कि विधान मण्डल की भावना को देखते हुए कार्य करे। प्रदेश जल रहा है। ला एण्ड आर्डर की हालत आप जानते हैं। प्रदेश में महंगाई कितनी बढ़ गई है। काश्तकार से 140 पर गेहूं लिया। आज काश्तकार 280 पर खरीदने के लिए मजबूर हो गया है . . . .

*वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

श्री अध्यक्ष–

माननीय गुप्त जी, बाकी डिटेल्स में न जायें। अब आप समाप्त करें।

श्री राजेन्द्र कुमार गुप्त–

निर्णय आप दे दें।

श्री भीखालाल–

अध्यक्ष महोदय, जो प्रश्न . .

श्री अध्यक्ष–

मेरा आपसे निवेदन है। आप ने सूचना दी है और सूचना के आधार पर हम को शासन से उत्तर प्राप्त होगा तब निर्णय हो सकेगा। तब आप को मौका मिलेगा। इस समय इस पर समय न लिया जाय। नियम इस प्रकार के हैं कि किसी माननीय सदस्य के विरुद्ध कोई विशेषाधिकार का प्रश्न रखा है तो उस का जवाब आना आवश्यक है। कृपा कर बैठ जायें।

श्री मोहन सिंह–

इस सन्दर्भ में पिछले ही सत्र में हमने और माननीय भीखालाल जी ने दो प्रश्न उठाये थे। आप की पीठ से निर्णय हुआ था। आप की पीठ द्वारा दिए हुये निर्देशों को यह सरकार जो आप के सामने बैठी हुई है, जिस के मुख्य मंत्री ने पिछले 6 महीने में केवल सफारी पैन्ट का विज्ञापन कर के कोई काम नहीं किया उस सरकार के मंत्रि मण्डल और मुख्य मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि आप की पीठ से दिये निर्णय की अवज्ञा न करें।

श्री अध्यक्ष–

निर्णय दे देंगे। उस पर विचार होगा।

निर्वाचन याचिका संख्या 2 सन् 1978 के मामले में उच्च न्यायालय लखनऊ बेंच को मत पत्र प्राप्त कराये जाने की सूचना

श्री अध्यक्ष–

नियम 315 के अनुसार सदन को सूचना देना चाहता हूं। राज्य सभा के लिए 11 सदस्यों के 28 मार्च, 1978 को हुए द्विवार्षिक निर्वाचन से संबंधित निर्वाचन याचिका संख्या 2 सन् 1978 कुमारी श्रद्धा देवी बनाम श्री श्रीकृष्ण चन्द्र पन्त तथा अन्य के मामले में उच्च न्यायालय इलाहाबाद, लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति, श्री टी0एस0 मिश्र द्वारा मांग किये जाने पर सचिव, विधान सभा (रिटर्निंग आफिसर) की अभिरक्षा में रखे अवशेष मत पत्रों के मोहर बन्द पैकेट को माननीय अध्यक्ष, विधान सभा की अनुमति से उक्त न्यायालय में दिनांक 12 जनवरी, 1983 को प्रस्तुत करने हेतु एडीशनल रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, लखनऊ बेंच को दिनांक 11 जनवरी, 1983 को प्राप्त करा दिया गया है।

कार्य मंत्रणा समिति द्वारा समय निर्धारण का प्रस्ताव

श्री अध्यक्ष–

उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 28 जनवरी, 1983 की बैठक में यह सिफारिश की है कि विधान सभा के 1 फरवरी, 1983 के उपवेशन में श्री राज्यपाल के अभिभाषण को पढ़ कर सुनाये जाने तथा औपचारिक कार्य के पश्चात् विधान सभा का 10 फरवरी, 1983 तक का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में निर्धारित किया जाय :–

2 फरवरी, 1983 बुधवार	विधन के निर्देश
3 फरवरी, 1983 गुरुवार	बैठक नहीं होगी
4 फरवरी, 1983 शुक्रवार	
5 फरवरी, 1983 शनिवार	
6 फरवरी, 1983 रविवार	

7 फरवरी, 1983 सोमवार 8 फरवरी, 1983 मंगलवार 9 फरवरी, 1983 बुधवार 10 फरवरी, 1983 गुरुवार	श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा

2–विधान सभा की कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी 1 फरवरी, 1983 की बैठक में यह सिफारिश की है कि विधान सभा के 2 फरवरी, 1983 के उपवेशन में प्रश्नकाल स्थगित किया जाय तथा विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के विभिन्न नियमों के अन्तर्गत उस दिन के लिए प्राप्त होने वाली समस्त सूचनाओं को भी सदन में न लिया जाय।

संसदीय कार्य मंत्री (श्री अम्मार रिजवी)–

मान्यवर, मैं प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन कार्य मंत्रणा समिति द्वारा की गयी सिफारिशों से, जिसकी सूचना श्री अध्यक्ष द्वारा आज सदन को दी गयी है, सहमत है।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि यह सदन कार्य मंत्रणा समिति द्वारा की गयी सिफारिशों से, जिस की सूचना अध्यक्ष द्वारा आज सदन को दी गयी है, सहमत है।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ।)

श्री अध्यक्ष–

अब हम उठते हैं और कल 11 बजे फिर बैठेंगे।

(इसके बाद सदन 1 बजकर 58 मिनट पर अगले दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गया।)

लखनऊ:
1 फरवरी, 1983

भाल चन्द्र शुक्ल,
सचिव, विधान सभा,
उत्तर प्रदेश।

उत्तर प्रदेश विधान सभा

नत्थी 'क'

(देखिये पीछे पृष्ठ 17 पर)

माननीय सदस्यगण,

विधान मण्डल के वर्ष 1983 के प्रथम सत्र के अवसर पर नव वर्ष की शुभकामनाओं सहित मैं आपका हार्दिक स्वागत करता हूं। आपको सम्बोधित करते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है।

मेरी सरकार प्रदेश के सुनियोजित बहुमुखी विकास के लिये विभिन्न सामाजिक तथा आर्थिक कार्यक्रमों के कार्यान्वयन हेतु कटिबद्ध है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु ग्रामीण, शहरी और औद्योगिक क्षेत्रों में कई योजनायें चलाई जा रही हैं।

मेरी सरकार आर्थिक तथा सामाजिक दृष्टि से पिछड़े लोगों को सामाजिक न्याय दिलाने के लिये कृत संकल्प है। प्रदेश में 1981 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जातियों के लगभग 46 लाख परिवार हैं जिनमें से लगभग 30 लाख परिवार गरीबी की रेखा के नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। इनमें से 15 लाख परिवारों को विशेष कम्पोनेन्ट योजना के द्वारा गरीबी की रेखा से ऊपर लाने का लक्ष्य छठी पंचवर्षीय योजना में निर्धारित किया गया है। यह आशा है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के अन्त तक 9 लाख से अधिक परिवार इस योजना से लाभान्वित हो जायेंगे।

प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जातियों तथा समाज के दुर्बल वर्ग के व्यक्तियों को गांव सभा एवं सीलिंग की आवंटित भूमि का कब्जा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कानून में यह व्यवस्था कर दी गयी है कि आवंटित भूमि पर दबाव कब्जा करने का अपराध संज्ञेय तथा अजमानती होगा और दण्ड प्रक्रिया संहिता में किसी बात के होते हुए भी इस अपराध का संक्षिप्त विचारण किया जा सकेगा। राज्य सरकार द्वारा इन अपराधों के विचारण हेतु उच्च न्यायालय के परामर्श से विशेष न्यायालयों के गठन का प्राविधान भी किया गया है।

अनुसूचित जाति तथा जनजाति के व्यक्तियों के शैक्षिक, सामाजिक एवं आर्थिक विकास में विशेष गति लाने हेतु नये कदम उठाये गये हैं तथा इस वर्ष कक्षा 9 व 10 में पढ़ने वाले ऐसे वर्ग के समस्त छात्रों को अनिवार्य रूप से छात्रवृत्ति देने का निर्णय लिया गया है। इस वर्ग के छात्रों के स्वस्थ शैक्षिक वातावरण में पठन-पाठन के उद्देश्य से छात्रावासों की सुविधायें बढ़ाने हेतु नये छात्रावासों के निर्माण का निर्णय भी लिया गया है। अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिये कायम किये गये आश्रम पद्धति विद्यालयों की संख्या में वृद्धि हेतु 6 नये विद्यालय खोलने का निर्णय लिया गया है।

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के निर्बल वर्ग के परिवारों, विशेष रूप से अनुसूचित जाति तथा जनजाति के व्यक्तियों, को आवासीय सुविधा प्रदान करने के लिये एक निर्बल वर्ग आवास योजना चलाई जा रही है। गांवों में गृह निर्माण हेतु ग्रामीण आवास परिषद का गठन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त हरिजन बस्तियों के विद्युतीकरण तथा हरिजन बस्तियों में पेयजल की व्यवस्था की योजनायें तेजी से चलाई जा रही हैं और कुएं, हैण्ड-पम्प एवं डिग्गियों का निर्माण बड़ी संख्या में किया गया है।

प्रदेश के सर्वतोमुखी विकास हेतु लागू की गयी एकीकृत ग्रामीण विकास योजना और राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना का एकमात्र उद्देश्य गरीबी की रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले लोगों की आर्थिक स्थिति में समुचित सुधार करना है। एकीकृत ग्रामीण विकास योजना के अन्तर्गत दिसम्बर के अन्त तक दो लाख परिवारों को लाभान्वित

किया गया है और 23 करोड़ रुपये की धनराशि अनुदान के रूप में दी गयी है। बेरोजगारी को दूर करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत डेढ़ करोड़ मानव दिवस रोजगार का सृजन हुआ है।

आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से पिछड़े लोगों को सामाजिक न्याय एवं आर्थिक उन्नति का अवसर प्रदान करने के साथ-साथ मेरी सरकार ने उत्पादन में वृद्धि पर भी सक्रिय बल दिया है।

कृषि और औद्योगिक दोनों क्षेत्रों की प्रगति के लिये मेरी सरकार ने विद्युत आपूर्ति हेतु एक विशद रणनीति बनाई है जिसका लक्ष्य है उपलब्ध अधिष्ठापित क्षमता का अधिकतम उपयोग तथा चालू परियोजनाओं का शीघ्रातिशीघ्र अधिष्ठापन। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष तापीय विद्युत उत्पादन में वृद्धि के फलस्वरूप उद्योगों को कटौती से मुक्ति दी गयी है तथा ग्रामीण अंचलों को गत वर्ष के पांच से सात घण्टों की तुलना में दस घण्टे प्रतिदिन के औसत से विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

प्रदेश के त्वरित और संतुलित औद्योगिक विकास की दिशा में मेरी सरकार द्वारा ठोस और सक्रिय प्रयासों के परिणाम सामने आने लगे हैं। प्रदेश में केन्द्रीय क्षेत्र की लगभग 3100 करोड़ रुपये की लागत की नयी परियोजनाओं की स्थापना का भी निर्णय लिया जा चुका है। प्रदेश के संतुलित औद्योगिक विकास के लिये पिछड़े क्षेत्रों के औद्योगीकरण पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसमें हथकरघा उद्योग का महत्वपूर्ण स्थान है। प्रदेश में रेशम उत्पादन के कार्य को प्रोत्साहन दिया जा रहा है और अब तक 18 जनपदों में यह कार्य चल रहा है। मेरी सरकार का उद्देश्य है कि हर घर में कुटीर उद्योग लगाने के लिये प्रोत्साहन दिया जाय।

वर्ष 1981–82 में प्रदेश में चीनी मिलों के सुरक्षित क्षेत्र में लगभग 717 लाख टन गन्ने का उत्पादन हुआ। यह एक नया कीर्तिमान है। चीनी मिलों द्वारा लगभग 227 लाख टन गन्ने की पेराई हुई जिससे लगभग 21 लाख टन चीनी का उत्पादन किया गया। वर्ष 1981–82 में गन्ना उत्पादकों को देय 470 करोड़ रुपया गन्ना मूल्य में से 440 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया गया है और अवशेष भुगतान प्रक्रिया में है। चीनी उद्योग की पेराई क्षमता में वृद्धि की जा रही है और वर्ष 1983–84 में तीन नयी चीनी मिलों में उत्पादन आरम्भ हो जाने की आशा है। किसान के गन्ने की खपत हेतु सुविधा देने के लिये प्रदेश के बाहर गुड़ के निर्यात पर कोई प्रतिबन्ध नहीं रखा गया है और किसान को यह सुविधा उपलब्ध है कि वे अपने निजी गन्ने को खड़े कोल्हुओं के माध्यम से पेर कर गुड़ बना लें। इसी उद्देश्य से खांडसारी इकाइयां लगाने की नीति को भी उदार बनाया गया है।

वर्ष 1982 के दौरान औद्योगिक सम्बन्धों को सुधारने और शान्तिपूर्ण ढंग से समस्याओं का निराकरण करने के लिये द्विपक्षीय वार्ता तथा त्रिदलीय सम्मेलनों के आयोजनों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया। वर्ष 1982–83 में न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत हथकरघा, विद्युतकरघा, काष्ठ कार्य, फर्नीचर कार्य एवं होटल कार्य में न्यूनतम वेतन दरों का पुनरीक्षण किया गया तथा पांच नियोजनों में न्यूनतम दरों का पुनरीक्षण विचाराधीन है।

खाद्यान्न उत्पादन में हमारे प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। दलहन एवं तिलहन में देशव्यापी कमी को देखते हुए उनके उत्पादन पर मेरी सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वर्ष 1982–83 में 260 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये कृषकों को उन्नतिशील प्रजातियों के बीज तथा कृषि रक्षा दवाइयों पर अनुदान की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है।

कृषि उत्पादन में सिंचाई सुविधाओं का अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान रहता है। मेरी सरकार द्वारा सिंचन क्षमता में उत्तरोत्तर वृद्धि का प्रयास किया जा रहा है। छोटे कृषकों को शीघ्र सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भू-गर्भीय जल उपयोगार्थ राजकीय नलकूपों की स्थापना का विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

सूखे से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में निर्बल वर्ग के व्यक्तियों की सहायता करके उनकी उत्पादकता शक्ति में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिये सूखोन्मुख विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के 37 विकास खण्डों में कार्य किया जा रहा है तथा आगामी वर्ष में 63 विकास खण्डों में यह कार्यक्रम चलाया जायगा।

पशुओं के संक्रामक रोगों की रोकथाम तथा समय से जानकारी उपलब्ध कराने हेतु भारत सरकार की सहायता से एक सेल की स्थापना का प्राविधान किया गया है। इसके अतिरिक्त सुरक्षात्मक टीकों के उत्पादन में वृद्धि लाने हेतु पर्वतीय क्षेत्रों में एक अतिरिक्त जैविक औषधि उत्पादन शाखा की स्थापना आगामी वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित है। प्रदेश के 25 जनपदों में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि लाने के लिये एक बृहत् कार्यक्रम चलाया गया है। मत्स्य पालन को प्रोत्साहन देने के लिये एक योजना चलाई जा रही है जिसके अन्तर्गत मछुओं को विशेष सहायता दी जा रही है।

राष्ट्र के नव निर्माण में जन स्वास्थ्य की प्रमुख भूमिका एवं वर्ष 2000 ई0 तक सबके लिये स्वास्थ्य के राष्ट्रीय लक्ष्य की पूर्ति हेतु मेरी सरकार सीमित संसाधनों के बावजूद चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाओं के सर्वतोमुखी विकास के लिये प्रयत्नशील है। परिवार कल्याण कार्यक्रम पूर्ण रूप से स्वैच्छिक आधार पर चलाया जा रहा है। इसके उत्साहवर्धक परिणाम मिलने लगे हैं। प्रदेश में आयुर्वेदिक, यूनानी तथा होम्योपैथिक शिक्षा के पठन-पाठन के स्तर को समन्वित करने के उद्देश्य से इस शिक्षा का प्रान्तीयकरण कर दिया गया है। 135259

आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के लिये आवास उपलब्ध कराने के ध्येय से शासन ने भवनों एवं दुकानों और विकसित भू-खण्डों के आवंटन में निर्धारित प्रतिशत तक आरक्षण की सुविधा प्रदान करने के आदेश जारी कर दिये हैं।

प्रदेश के अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों तथा डिग्री कालेजों के अध्यापकों के चयन हेतु वर्तमान नियम अपर्याप्त पाये गये। अतएव इन संस्थाओं के अध्यापकों की भर्ती को विनियमित कर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं उत्कृष्ट चयन हेतु दो शिक्षा सेवा आयोगों का गठन एक उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लिये और दूसरा डिग्री कालेजों के लिये—किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में प्रत्येक स्तर पर प्रसार की गति बनाये रखने हेतु उचित कदम उठाये जायेंगे। प्राविधिक शिक्षा के लिये उपलब्ध सुविधाओं में बढ़ोत्तरी करने हेतु लखनऊ में एक अभियंत्रण एवं प्रौद्योगिक संस्था स्थापित करने का प्रस्ताव है।

आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता बनाये रखने तथा चोर-बाजारी एवं जमाखोरी की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने हेतु दृढ़तापूर्वक कदम उठाये गये हैं। चीनी एवं सीमेन्ट की उपलब्धता को प्रचुर बनाया जा रहा है। गेहूं तथा धान की खरीद भारत सरकार द्वारा घोषित मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत की जा रही है। आवश्यक वस्तुओं के बाजार दामों में रोक-थाम लाने के लिए मेरी सरकार सक्रिय कदम उठा रही है।

प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र के पिछड़ेपन तथा सामरिक महत्व को ध्यान में रखते हुए मेरी सरकार, केन्द्र सरकार की विशेष आर्थिक सहायता से इस क्षेत्र के विकास के लिये कृत संकल्प है। त्वरित विकास तथा विकास कार्यों से स्थानीय जनता को सक्रिय रूप से सम्बद्ध करने हेतु विकेन्द्रित नियोजन प्रणाली को पर्वतीय क्षेत्र के विकास कार्यक्रम में विशेष महत्व दिया गया है।

पर्यावरण पर वृक्षों के महत्वपूर्ण प्रभाव को देखते हुए प्रदेश सरकार ने वन-नीति में वृक्ष संरक्षण को विशेष स्थान दिया है। वृक्षारोपण की दिशा में प्रदेश में इस वर्ष महत्वपूर्ण उपलब्धि हुई है और अब तक 21 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 22 करोड़ से अधिक वृक्षों का रोपण किया जा चुका है। आगामी वर्ष में पूरे प्रदेश में 42 करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है। वनों के प्रति आस्था जागृत करने के लिये प्रदेश में कई स्थानों पर वन चेतना केन्द्र स्थापित करने की योजना हाथ में ली गयी है।

मेरी सरकार का सदैव यह प्रयास रहा है कि जनता को सस्ता तथा त्वरित न्याय सुलभ हो। अतएव इस दिशा में निरन्तर कदम उठाये जा रहे हैं। समाज के निर्बल वर्गों के व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सेवा उपलब्ध कराने हेतु राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश कानूनी सहायता और परामर्श योजना लागू की है जिसके अन्तर्गत राज्य स्तर पर एक परिषद् का भी गठन किया गया है।

यातायात के अच्छे साधन उपलब्ध कराने हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष के अन्त तक लगभग 1860 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण पूरा कर लिया जायगा जिसमें से 480 किलोमीटर सड़क पर्वतीय क्षेत्र में होंगी। सड़कों और रेलों पर यातायात के दबाव को कम करने के लिये सरकार अन्तर्देशीय जल परिवहन को भी प्रोत्साहित करने की योजना पर विचार कर रही है। राज्य सरकार के एक उपक्रम—राज्य सेतु निगम ने विदेश में तथा प्रदेश के बाहर सराहनीय कार्य किये हैं।

वर्तमान वर्ष में प्रदेश के सामने बाढ़ तथा सूखे की समस्या रही है। परन्तु इसके होते हुए भी प्रशासन शान्ति एवं व्यवस्था बनाये रखने के लिये सतत् प्रयत्नशील रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिये ग्रामीण सुरक्षा समितियों द्वारा जनता का सहयोग प्राप्त करने की योजना बनायी जा रही है।

राष्ट्रीय एकता तथा साम्प्रदायिक सद्भावना के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से जिला, तहसील तथा विकास खण्ड स्तर पर ठोस एवं सक्रिय कदम उठाये गये हैं। प्रदेश के कतिपय जिलों में विभिन्न स्तरों पर यूथ सेन्टर तथा यूथ क्लब की स्थापना करने के आदेश दिये गये हैं जिससे पारस्परिक सद्भावना बनाये रखने में सहायता मिल सके। साथ ही साथ प्रदेश में हिन्दी तथा उर्दू भाषा को प्रोत्साहन देने के लिये तथा अन्य प्रदेशों की भाषाओं के प्रोत्साहन हेतु भी सक्रिय कदम उठाये जा रहे हैं।

मेरी सरकार ने राज्य कर्मचारियों तथा अध्यापकों की उपलब्धियों तथा प्रोन्नति के सम्बन्ध में ठोस कदम उठाये हैं। इसके अतिरिक्त सरकारी कर्मचारियों को उनकी सेवा निवृत्ति तक निजी आवास उपलब्ध कराने की योजना भी बनायी गयी है।

जैसा कि आप सभी को ज्ञात है 1982–83 से विकेन्द्रित नियोजन की नयी व्यवस्था प्रदेश में रखी गयी है। इस व्यवस्था में जनपद स्वयं अपनी व्यावहारिक वार्षिक योजनायें तैयार करने लगे हैं। योजना के विभिन्न कार्यक्रमों की पारस्परिक प्राथमिकता निर्धारित करने का उन्हें पहली बार अवसर प्राप्त हुआ है। मुझे प्रसन्नता है कि इस नयी व्यवस्था के अच्छे परिणाम निकल रहे हैं। मेरी सरकार अनुभवों के आधार पर इस व्यवस्था को और भी सुदृढ़ तथा सुव्यवस्थित करने के लिये कटिबद्ध है।

पंचायती राज संस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु इस वर्ष मेरी सरकार ने ग्राम पंचायत के नये निर्वाचन भी करा दिये हैं। शेष स्थानीय निकायों के चुनाव के लिये कार्यवाही की जा रही है।

प्रदेश के आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति में मेरी सरकार नये 20 सूत्रीय कार्यक्रम को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। राज्य-स्तर तथा जनपद स्तर पर जन-प्रतिनिधियों की समितियां गठित की गयी हैं जिससे प्रगति की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण किया जा सके। प्रभावी कार्यान्वयन हेतु मंत्रि-परिषद् के सदस्यों को जनपद आवंटित किये गये हैं।

वर्तमान सत्र में आपके समक्ष वित्तीय वर्ष 1983–84 का आय-व्ययक तथा वर्ष के एक भाग के लिये लेखानुदान भी प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है जिन्हें पारित करने की आपसे अपेक्षा की जायेगी । विगत सत्र के बाद, जब दोनों सदन सत्र में नहीं थे, कुछ अध्यादेश जारी करने पड़े हैं । इन अध्यादेशों को प्रतिस्थापित करने वाले तथा कई अन्य महत्वपूर्ण विधेयक आपके विचारार्थ रखे जायेंगे ।

माननीय सदस्यगण, मैंने सरकार की प्रमुख नीतियों और उसके द्वारा किये जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों की रूप-रेखा आपके समक्ष प्रस्तुत की है । मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी विधायकगण इस प्रदेश की सर्वांगीण उन्नति करने और जनतंत्र को सफल बनाने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करेंगे । इन शब्दों के साथ मैं आपका आह्वान करता हूं कि आप अपने कर्तव्यों के निर्वहन में अग्रसर हों और इस प्रदेश की गौरवशाली परम्परा के संरक्षण और अभिवर्धन में अपना विशिष्ट योगदान करें ।

जयहिन्द !

विधान सभा सचिवालय

नत्थी 'ख'

(देखिये पीछे पृष्ठ 24 पर ।)

उत्तर प्रदेश भूमि विधि (संशोधन) विधेयक, 1981 में उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम 158 के अन्तर्गत किये गये आनुषंगिक संशोधनों तथा सदन की सहमति से नियम 159 के अन्तर्गत किये गये शाब्दिक और आनुषंगिक सुधार का विवरण ।

नियम 158 के अन्तर्गत

(1) खण्ड 1 (1) में "1981" के स्थान पर "1982" कर दिया गया है ।

(2) प्रस्तावना में शब्द "बत्तीसवें" के स्थान पर शब्द "तैंतीसवें" कर दिया गया है ।

नियम 159 के अन्तर्गत

(1) खण्ड 10 की उपांतिक टिप्पणी तथा पंक्ति 1 में 'धारा 158-क' के स्थान पर "धारा 198-क" रख दिया गया है ।

(2) खण्ड 10 द्वारा प्रतिस्थापित की जाने वाली धारा के आरम्भ में "198-क" जोड़ दिया गया है ।

विधान सभा सचिवालय

पी0एस0यू0पी0—एल0 339 विधान सभा (707)—1983—813।